न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी रोहित कुमार आर. ए.एस.

मुकदमा नंबर 01/2020

सरकार बनाम 1. सरकार तहसीलदार पचपदरा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू–राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59,60 भू–अभिलेख नियम 1970.

आदेश दिनांक:–09.1.2020

पत्रावली आज पेश हुई। तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत किया कि ग्राम **रामनगर पटवार क्षेत्र थोब** का **खसरा न** 47, 521/19, 570/145, 577/151, 655/577 की जमाबन्दी के कॉलम संख्या 4 मे प्रविष्टि कोष्ठक में चारगाह हेतु दर्ज हो गया जबकि इससे पूर्व संवत् 2011 से 2029 की जमाबन्दी में भूमि का चरागाह दर्ज करने की कोई सक्षम टिप्पणी/ आदेश/ निर्णय/ नामान्तरण अंकन नहीं है। अतः प्रविष्टि लिपिकीय भूलवंश जमाबन्दी के कॉलम संख्या 4 मे प्रविष्टी के आगे कोष्टक में 'चारागाह हेतु ' प्रविष्ट कर दिया है जो त्रुटीपूर्ण इन्द्राज है। इस त्रुटिपूर्ण की गई प्रविष्टी को दुरूस्त करने हेतु निवेदन किया है।

अतः ग्राम **रामनगर पटवार क्षेत्र थोब** का **खसरा न** 47, 521/19, 570/145, 577/151, 655/577 की जमाबन्दी के कॉलम संख्या 4 मे प्रविष्टि इन्द्राज यथावत रखते हुए आगे कोष्ठक में अंकित प्रविष्टि चारगाह हेतु' हटाकर इन्द्राज दुरूस्त करने के आदेश फरमावे।

उपस्थित सरकारी पैरोकार को सुना। पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व अध्ययन किया। बाद गौर तहसीलदार पचपदरा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार करना न्यायोचित होने से ग्राम **रामनगर पटवार क्षेत्र थोब** का **खसरा न** 47, 521/19, 570/145, 577/151, 655/577 की सबंधित जमाबंदी के कालम संख्या 4 मे इन्द्राज प्रविष्टी 'चारागह हेतु' को हटाया जाने का आदेश देना न्यायोचित है।

अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को आदेशित किया जाता है कि ग्राम ग्राम **रामनगर पटवार क्षेत्र थोब** का **खसरा न** 47, 521/19, 570/145, 577/151, 655/577 से सबंधित जमाबंदी के कालम संख्या 4 मे प्रविष्टी इन्द्राज यथावत रखते हुए आगे कोष्ठक में अंकित प्रविष्टि चारागाह हेतु हटाकर इन्द्राज दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है तथा इस प्रकार अमल दरामद करने के आदेश प्रदान किये जाते है।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो ।

आदेश खुले न्यायालय मे दिनांक .09.01.2020 को सुनाया गया ।

(रोहित कुमार)
एसडीओ, बालोतरा
(S.D.O.) बालोतरा,

Scanned by CamScanner